महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2020–21 / 5854-60 दिनांकः–29 जुलाई, 2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बन्धित समस्त सम्बद्व महाविद्यालय,
एम.जे.पी.रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः– <u>समस्त प्रोफेशनल / सेमेस्टर एवं अन्य की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।</u>

महोदय / महोदया,

वर्ष 2020–21 की समस्त प्रोफेशनल / सेमेस्टर परीक्षायें यथा बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस–कृषि, (सम सेमेस्टर) बी.कॉम (आनर्स), बी.एस–सी. (आनर्स, होम साइंस, बायोटेक्नालॉजी, कम्प्यूटर सांइस, इन्वायरमेंट साइंस, माइक्रोबॉयलॉजी) बी0एड0, बी0एल0एड0, बी0पी0एड0, एम0एड0 एवं शेष समस्त की प्रयोगात्मक परीक्षायें पूर्व में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं हेतु निर्धारित प्रकिया के समान ही सम्पन्न करायी जानी हैं। सेमेस्टर / प्रोफेशनल 2020–21 की प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न कराने हेतु समय सारणी निम्नानुसार हैः–

महाविद्यालय द्वारा छात्रों को टास्क उपलब्ध कराया जाना एवं छात्रों द्वारा टास्क / असाइन्मेंट जमा करने की तिथि	10.08.2021, प्रात 09.00 बजे से दिनॉक 11.08.2021, सॉय 05.00 बजे तक।
महाविद्यालय द्वारा छात्रों से प्राप्त टास्क / असाइन्मेंट का मूल्यॉकन करने मूल्यॉकन के उपरान्त महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अंक अपलोड करने की तिथि	12.08.2021, प्रात 10.00 बजे से दिनॉक 15.08.2021, रात्रि 10.00 बजे तक।

कृपया उपरोक्तानुसार समस्त कक्षाओं की प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न करायी जानी है। किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं वेवसाइट बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देश का भी पालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें:–

1. जिन महाविद्यालयों मे आन्तरिक परीक्षक नहीं हैं ऐसे महाविद्यालयों में आन्तरिक परीक्षक नियुक्त करने हेतु अपना प्रार्थना–पत्र ई.मेल अथवा उचित माध्यम से दिनॉक 05.08.2021 तक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो प्रति तैयार की जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन प्रकिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। विश्वविद्यालय को आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। **<u>उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित नहीं किया जाना है।</u>**
3. प्रदत्त टास्क / असाइन्मेंट की प्रति सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4. परीक्षकों को पूर्व की भाँति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
5. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की असाइनमेंट/उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट पृथक से प्राचार्यो से प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय) द्वारा मॉगे जा सकते हैं।

कृपया तद्नुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मीडिया प्रभारी, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
3. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय)।
4. निजी सचिव–कुलपति, कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
5. श्री रविन्द्र गौतम को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक